----------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस विज्ञप्ति**

## 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के मुख्य बिन्दु

1. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान बैंक के निवल लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर 107.67% की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान बैंक के निवल ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर 16.59 % की वृद्धि हुई है.
2. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है**
   कासा जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 7.17 % की वृद्धि हुई है. 30 जून, 2023 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ₹ 11,28,052 करोड़ है.
3. **कारोबार संवृद्धि में गति**
   बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष 13.08 % की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर12.33 % की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर 13.63 % की वृद्धि हुई है. 30 जून, 2023 तक बैंक का कुल कारोबार ₹ 19,46,509 करोड़ है.
4. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में ऋण**
   बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर 14.92 % की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 16.47 % की वृद्धि, कृषि में 13.37 % की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में 14.88 % की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम *55.92* % है.
5. **एनपीए में कमी: -**
   30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही में कुल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 288 बीपीएस की गिरावट के साथ 7.34 % रहा तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 173 बीपीएस की गिरावट के साथ 1.58 % रहा है.
6. **पूंजी अनुपात में सुधार**
   30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में सीआरएआर, 14.42 % के सापेक्ष दिनांक 30.06.2023 को सुधार के साथ 15.95 % रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 30.06.2022 के 10.68 % के सापेक्ष 30.06.2023 को सुधार के साथ 12.34 % रहा.
7. **लागत की कार्यक्षमता और प्रतिलाभ में सुधार:**
   आय लागत और ऋण लागत अनुपात में कमी के कारण, बैंक का आस्तियों & इक्विटी पर प्रतिलाभ सुधार के साथ 1.00% & 18.97% क्रमशः रहा.

<u>परिणाम की मुख्य विशेषताएँ</u>

| ₹ करोड़ में | वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही | वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही % |
|---|---|---|---|---|---|
| **लाभ एवं हानि** | | | | | |
| ब्याज आय | 18,174 | 22,005 | 23,478 | 29.18 | 6.70 |
| ब्याज व्यय | 10,593 | 13,754 | 14,638 | 38.19 | 6.43 |
| शुद्ध ब्याज आय | 7,582 | 8,251 | 8,840 | 16.59 | 7.14 |
| गैर-ब्याज आय | 2,817 | 5,269 | 3,903 | 38.57 | -25.92 |
| एनआईएम% | 3.00 | 2.98 | 3.13 | 13 bps | 15 bps |
| परिचालन लाभ | 5,448 | 6,823 | 7,179 | 31.79 | 5.22 |
| कुल प्रावधान | 3,890 | 4,041 | 3,943 | 1.38 | -2.43 |
| कर के पश्चात लाभ | 1,558 | 2,782 | 3,236 | 107.67 | 16.00 |

| ₹ (करोड़ में) | वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही | वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमादी % |
|---|---|---|---|---|---|
| **तुलन पत्र** | | | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 7,28,635 | 8,09,905 | 8,18,457 | 12.33 | 1.06 |
| घरेलू अग्रिम | *7,09,904* | *7,85,302* | *7,93,448* | *11.77* | *1.04* |
| जिसमें से रिटेल | *1,39,410* | *1,59,702* | *1,62,373* | *16.47* | *1.67* |
| कृषि | *1,35,503* | *1,51,993* | *1,53,615* | *13.37* | *1.07* |
| एमएसएमई | *1,11,195* | *1,25,022* | *1,27,745* | *14.88* | *2.18* |
| रैम अग्रिम | *3,86,108* | *4,36,717* | *4,43,733* | *14.92* | *1.61* |
| जमाराशि | 9,92,774 | 11,17,716 | 11,28,052 | 13.63 | 0.92 |
| जिसमें से कासा | *3,59,335* | *3,94,055* | *3,85,084* | *7.17* | -2.28 |
| रिटेल मियादी जमाराशि(<2 करोड़) | *4,38,931* | *4,38,280* | *4,36,386* | -0.58 | -0.43 |
| कासा अनुपात (%) | 36.20 | *35.62* | *34.60* | *-160 bps* | *-102 bps* |
| जीएनपीए | 74,500 | 60,987 | 60,104 | -19.32 | -1.45 |
| एनएनपीए | 22,392 | 12,928 | 12,138 | -45.79 | -6.11 |

| अनुपात (%) | वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही | वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही | वर्ष दर वर्ष बीपीएस | तिमाही दर तिमादी बीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|
| **आस्ति गुणवत्ता** | | | | | |
| जीएनपीए | 10.22 | 7.53 | 7.34 | -288 | -19 |
| एनएनपीए | 3.31 | 1.70 | 1.58 | -173 | -12 |
| पीसीआर | 84.75 | 90.34 | 90.86 | 611 | 52 |
| टीपीसीआर | 69.94 | 78.80 | 79.80 | 986 | 100 |
| क्रेडिट लागत | 2.02 | 1.77 | 0.97 | -105 | -80 |
| | | | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 10.68 | 12.36 | 12.34 | 166 | -2 |
| टियर-1 अनुपात | 12.14 | 13.91 | 13.86 | 172 | -5 |
| सीआरएआर | 14.42 | 16.04 | 15.95 | 153 | -9 |

**नेटवर्क:**

- 8,561 शाखाएँ, विदेशी शाखाओं सहित
- 10,195 एटीएम
- 17,088 बीसी पॉइंट्स
- 135 एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)
- 160 आरएलपी (रिटेल ऋण केंद्र)
- 48 एएलपी ( कृषि ऋण केंद्र )
- 105 एमएसएमई फ़र्स्ट, ब्रांचेस
- 1,570 गोल्ड ऋण केंद्र
- 18 लार्ज कॉर्पोरेट ब्रांचेस एवं 56 मिड कॉर्पोरेट ब्रांचेस

**डिजिटल बैंकिंग:**

- सूक्ष्म सेवा आधारित डिजिटल मंच ओमनी चैनल
- 40 डिजिटल यात्राएं
- रैम खंड हेतु एसटीपी यात्रा
- ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) का शुभआंरभ : ग्राहक केंद्रित कारोबार उन्मूख मंच
- 100+ उन्नत एनालिटिक्स उपयोग के मामलों को सक्षम करने हेतु बैंक-व्यापक डेटा स्त्रोत
- नेक्स्ट-जेन डिजिटल संपर्क केंद्र
- 90+ फिनटेक नवोन्मेष केंद्र

**वित्तीय समावेशन योजनाएं:**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना और अटल पेंशन योजना के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को खत्म करना और समाज के निम्न आय वर्ग वालों को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसमें 30 जून, 2023 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 4.63 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है, जिसमें 30 जून, 2023 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 33.37 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**
  हमारे बैंक ने 30 जून, 2023 की समाप्त तिमाही तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत ₹ 9,002 करोड़ की राशि के कुल 2.84 करोड़ खाते खोले हैं. 30 जून, 2023 की समाप्त तिमाही तक ₹ 7,827 करोड़ की राशि के कुल 2.49 करोड़ खाते खोले गए थे, जिससे वर्ष दर वर्ष आधार पर खाते खोलने में 14.06% की वृद्धि हुई है.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**
  एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 30 जून, 2023 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 1.61 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **महिला उद्यमियों के लिए यूनियन नारी शक्ति:**
  वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान ₹ 617 करोड़ के 6,538 आवेदन मंजूर किए गए.

- **हरित पहल की ओर ऋण सुविधा: -**

1) **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र: -** 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही तक ₹ 10,939 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.

2) **यूनियन ग्रीन माइल्स: -** 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही तक ₹ 260 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.

दिनांक: 20 जुलाई, 2023
स्थान: मुंबई

प्रेस विज्ञप्ति